**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN JODHPUR**

S.B. Civil Writ Petition No. 5228/2020

DFA

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan & Ors

----Respondent

For Petitioner(s) : श्री संजय नाहर।

**HON'BLE MR. JUSTICE DEVENDRA KACHHAWAHA**

**Order**

**03/07/2020**

सुना गया।

याची के विद्वान् अधिवक्ता द्वारा प्रदर्श सं.11 व 14 से 17 की ओर ध्यान आकर्षित करते हुये रिट याचिका के साथ संलग्न स्थगन प्रार्थना पत्र में की गयी प्रार्थना के अनुरूप स्थगन आदेश जारी करने का निवेदन किया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया ।

पत्रावली पर उपलब्ध तथ्य एवं सामग्री के साथ प्रदर्श.15 जाँच रिपोर्ट दिनांक 04.09.2019, तत्पश्चात् चुनाव के लिये नोटिस दिनांक 15.06.2020 को जारी किया गया था जिसकी सूचना अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, जयपुर, जिला कलेक्टर, हनुमानगढ़, राजस्थानराज्य फुटबाल संघ,उपरजिस्ट्रार (संस्थाए) एवं उप रजिस्ट्रार समितियां, हनुमानगढ़, खेल अधिकारी, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, हनुमानगढ़ का नोटिस पर पृष्ठांकन किया गया है।

नोटिस से यह भी स्वीकृत तथ्य है कि चुनाव दिनांक 05. 07.2020 को प्रातः 11.00 बजे होने वाले है, ऐसी स्थिति में प्रस्तावित चुनाव को रोका जाना कत्तई न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। प्रकरण

के तथ्यों को देखते हुये आदेश दिया जाता है कि चुनाव के परिणाम आगामी तिथि तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जावे एवं उक्त चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी व चुनाव के निर्णय की वैधानिकता इस रिट याचिका के अध्यधीन रहेगी।

प्रत्यर्थीगण को रिट याचिका के नोटिस जारी किये जाये। स्थगन प्रार्थना पत्र के भी नोटिस जारी किये जाये।

नोटिस याची के अधिवक्ता को दस्ती दिये जाये।

पत्रावली दिनांक 10.07.2020 को सूचीबद्ध की जाये।

**(DEVENDRA KACHHAWAHA),J**

2-AK/-